# राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक

स्रोत: पी.आई.बी.

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय** ने **राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक (State Health Regulatory Excellence Index- SHRESTH)** की शुरूआत की है।

- **केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO)** द्वारा विकसित **'SHRESTH'(श्रेष्ठ), राज्यों के लिये उनकी वर्तमान स्थिति और परिपक्वता/म्योरिटी प्रमाणन की दिशा में प्रगति का मूल्यांकन करने हेतु** एक आभासी अंतर मूल्यांकन उपकरण है, जिसका उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दवा सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करना है।
- **SHRESTH की मुख्य विशेषताएँ**:
    - **राज्य वर्गीकरण**: राज्यों को **विनिर्माण राज्य** और **मुख्य रूप से वितरण राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया गया है**।
    - **मूल्यांकन मानदंड**: SHRESTH सूचकांक मानव संसाधन, प्रयोगशाला परीक्षण क्षमता, लाइसेंसिंग गतिविधियों, निगरानी और सार्वजनिक शिकायतों के प्रति जवाबदेही जैसे पहलुओं पर राज्यों का मूल्यांकन करता है।
    - **निगरानी और जवाबदेही:** राज्य CDSCO को मासिक आँकड़े प्रस्तुत करते हैं, जो सूचकांक को संकलित और अंक देता है तथा प्रत्येक माह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ परिणाम साझा करता है।
- **वैश्विक मानक: SHRESTH का लक्ष्य विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के वैश्विक बेंचमार्किंग टूल (GBT) म्योरिटी लेवल 3 (ML3) के** अनुरूप होना है, जिससे भारत की "विश्व की फार्मेसी (फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड)" के रूप में स्थिति सुदृढ़ होगी।
    - WHO का GBT दवाओं, टीकों, रक्त उत्पादों और चिकित्सा उपकरणों के लिये राष्ट्रीय प्रणालियों की **नियामक परिपक्वता/म्योरिटी** (चार स्तरों (ML1–ML4) पर) का आकलन करता है, जिससे विश्वभर में उच्च गुणवत्ता वाला, सुसंगत विनियमन सुनिश्चित होता है।
    - भारत ने वर्ष 2024 में ML3 प्राप्त कर लिया, जो एक स्थिर, अच्छी तरह से कार्यशील और एकीकृत नियामक प्रणाली को दर्शाता है।

**और पढ़ें:** भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सुधार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-health-regulatory-excellence-index